# मप्र की पांडुलिपि धरोहर का होगा संरक्षण

## राज्य शासन के संस्कृति विभाग और ज्ञान भारतम के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**भोपाल, 19 दिसंबर. मध्य प्रदेश की समृद्ध पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण, पहचान, डिजिटलीकरण, शोध एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की पहल 'ज्ञान भारतम' और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए. यह एमओयू राज्य में विद्यमान पांडुलिपि विरासत को संरक्षित कर उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.**




यह समझौता गुरुवार 19 दिसंबर को ज्ञान भारतम कार्यालय में हुआ. मध्य प्रदेश शासन की ओर से प्रशांत सिंह बघेल, संयुक्त संचालक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने संस्कृति विभाग एवं पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, मध्य प्रदेश शासन की ओर से हस्ताक्षर किए, जबकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से अनिर्बान दास, परियोजना निदेशक, ज्ञान भारतम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए.

एमओयू के अंतर्गत ज्ञान भारतम की पांच प्रमुख वर्टिकल्स के माध्यम से कार्य किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर मार्गदर्शन ज्ञान भारतम द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि राज्य स्तर पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन की होगी. पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय के आयुक्त को इस परियोजना के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.



# एक ही मंच पर 4 से 55 साल के कलाकार

## रवीन्द्र भवन में कलापद्मोत्सव में कलाकारों ने दी भरतनाट्यम की प्रस्तुति

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 दिसंबर. नन्ही बालिकाओं में 4 साल से लेकर 55 वर्ष के परिपक्व कलाकारों तक ने जब एक ही मंच पर भरतनाट्यम की प्रस्तुतियां दीं, तो रवींद्र भवन शास्त्रीय नृत्य की लय और भाव में डूब गया. आयु का कोई बंधन नहीं और साधना का कोई अंत नहीं इस भाव को साकार करती इन प्रस्तुतियों ने शुक्रवार शाम दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मंगलाचरणम् से लेकर तिल्लाना तक की रचनाओं में भाव अभिव्यक्ति मुद्राओं और ताल की सटीकता ने भरतनाट्यम की समृद्ध परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया.**



यह मनोहारी दृश्य कलापद्म भरतनाट्यम नृत्य अकादमी भोपाल द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कलापद्मोत्सव में देखने को मिला. उत्सव का आयोजन और निर्देशन भारती होम्बल द्वारा किया गया. कार्यक्रम को स्वर्गीय नृत्यगुरु शंकर होम्बल, स्वर्गीय गुरु गिरिजा होम्बल और स्वर्गीय गुरु प्रेमचंद होम्बल की स्मृति को समर्पित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति विभाग भोपाल की उपसंचालक भारती सिंह राजपूत उपस्थित रहीं. विशेष अतिथि के रूप में पंचाक्षरी संगीत समिति की निदेशक विजया कोरवार और कला क्षेत्र के वरिष्ठ निर्देशक प्रदीप कृष्णन कार्यक्रम में शामिल हुए. उत्सव के दौरान नृत्याचार्य गुरु शंकर होम्बल की स्मृति में दो कलाकारों को नृत्याचार्य गुरु शंकर होम्बल सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान गीता तिवारी और एलिजाबेथ गुप्ता को दिया गया. कार्यक्रम में भरतनाट्यम नृत्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा उपस्थित रहे. कार्यक्रम की उद्घोषणा डॉ सुमित्रा मिश्रा द्वारा की गई.

# एम्स में देहदान के लिए परिवार का सम्मान

## कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 19 दिसंबर. एम्स भोपाल में संचालित कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम के अंतर्गत गुरुवार को भोपाल निवासी 85 वर्षीय दिवंगत पूरन चंद जी का नेत्रदान एवं देहदान संपन्न हुआ. यह पुण्य कार्य उनके पुत्र सुनील कुमार जैन और पौत्र संभव जैन द्वारा करवाया गया.**



इस अवसर पर एम्स भोपाल की आई बैंक एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने संपूर्ण प्रक्रिया को संपन्न किया तथा परिजनों से संवाद कर इस मानवीय कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया. आई बैंक एवं नेत्र रोग विभाग, एम्स भोपाल ने परिवार के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि अपने प्रियजन का नेत्रदान एवं देहदान कर उन्होंने समाज में नई आशा का संचार किया है. इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर ने इस पुण्य कार्य के लिए दाता परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एम्स भोपाल भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में नेत्रदान एवं देहदान जैसी मानवीय पहलों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा. यह प्रेरणादायी पहल समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी तथा अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान एवं देहदान के लिए प्रेरित करेगी.

# 50 साल बाद सहपाठियों से मिलेंगे केंद्रीय मंत्री शिवराज

▶ मॉडल स्कूल में गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन कल

**भोपाल, 19 दिसंबर. राजधानी भोपाल के मॉडल स्कूल टीटी नगर में 1975 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर को किया जा रहा है.**

इस आयोजन में स्कूल के पूर्व विद्यार्थी शिवराजसिंह चौहान केंद्रीय मंत्री, पूर्व पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, पूर्व डीआरएम एसपी त्रिवेदी सहित कई जानी-मानी हस्तियां और विदेश एवं देश के विभिन्न प्रांतों में रहे पूर्व विद्यार्थी शामिल होंगे. इसके एक दिन पहले शनिवार 20 दिसंबर को मयूरी गार्डन भदभदा में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह होगा.



यह जानकारी समिति के संयोजक अजय श्रीवास्तव नीलू, एसपी त्रिवेदी, शेखर दुबे, पंकज कुलश्रेष्ठ, आलोक चतुर्वेदी, प्रवीण वरगले ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें मॉडल स्कूल के 1975 बैच के विद्यार्थियों की पारिवारिक जानकारी होगी.

## एक नजर में



### वन मेला में गूंजे सदाबहार फिल्मी तराने

**भोपाल, 19 दिसंबर.** जेके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा लाल परेड ग्राउंड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय वन मेले में संगीत संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आरंभ ईश वंदना से हुआ. इसके बाद एकल गीतों के क्रम में डॉ. संतोष तिवारी द्वारा रफी साहब का मशहूर गीत देखा है तेरी आंखों में प्यार ही प्यार बेशुमार... कुलदीप सिंह द्वारा शैलेंद्र सिंह का गीत मैं शायर तो नहीं... उदय भंडारे द्वारा किशोर कुमार का चेहरा है या चांद खिला है.. प्रदीप सक्सेना द्वारा मुकेश जी का महबूबा ओ महबूबा तेरे दिल के पास ही है मेरी मंजिल प्रस्तुत किया गया. युगल गीतों में जेके और नीति मालवीय द्वारा शोखियों में घोला जाए फूलों का शबाब..., उदय और नीति द्वारा तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती और वाणी पुरोहित तथा नरेश मालवीय ने घूंघट की आड़ से दिलबर का... गाने की प्रस्तुति दी. संगीत संध्या में एकल एवं युगल कुल 20 गीतों दी गई. कार्यक्रम के अंत में ग्रुप के संयोजक प्रदीप सक्सेना द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया.

### दृष्टिमन नाट्य समारोह आज से 24 दिसंबर तक

**भोपाल, 19 दिसंबर.** दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति भोपाल 20 से 24 दिसंबर 2025 तक दृष्टिमान थिएटर नेहरू नगर सभागार में दृष्टिमन नाट्य समारोह का आयोजन कर रही है. समारोह के प्रथम दिन 20 दिसंबर को रामकृष्ण रिपरटायर कलर एवं सोशल सोसायटी की प्रस्तुति विशाल चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित नाटक 'मोचीराम' और पूर्व रंग में कुलदीप रघुवंशी द्वारा निर्देशित नाटिका 'गुड़िया का जीवन का मंचन होगा, दूसरे दिन 21 दिसंबर को दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा नाटक- 'बादशाहत का खात्मा' का मंचन किया जाएगा, और समारोह के तीसरे दिन 22 दिसंबर को कुटुंब थिएटर एवं वेलफेयर सोसाइटी की प्रस्तुति और मुकेश मंडेकर निर्देशन नाटक 'दवाशंकर की डाबरी' का मंचन होगा, 23 दिसंबर को रेणुका वरमैया द्वारा निर्देशित नाटक 'हां मैं सावित्रीबाई फुले हूं और पूर्व रंग में दृष्टिमन रंगकला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा कथा पाठ 'रोटी का मंचन होगा. चौथे दिन (समापन दिवस) 24 दिसंबर 2025 को लेट्स विन हार्ट थिएटर सोसाइटी की प्रस्तुति एवं राज कुमार अहिरवार द्वारा निर्देशित नाटक-डेढ़ इंच ऊपर का मंचन होगा.

# राज्यमंत्री गौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

## आईटीआई स्टाफ कैंपस में बाउंड्रीवॉल, ओपन जिम का होगा निर्माण

**भोपाल, 19 दिसंबर. राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को वार्ड 65 और 68 में करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. उन्होंने वार्ड 65 स्थित आईटीआई स्टाफ कैंपस में बाउंड्रीवॉल, पाथवे निर्माण, ओपन जिम इक्विपमेंट तथा सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत लगभग 27 लाख रुपये है.**



इसके अलावा गीत गणेश कॉलोनी में बाउंड्रीवॉल निर्माण, सांस्कृतिक मंच एवं शेड तथा जिम इक्विपमेंट लगाने के कार्यों का भूमिपूजन किया गया. वहीं सागर स्टेट कॉलोनी में पेविंग ब्लॉक, सौंदर्यीकरण और ओपन जिम इक्विपमेंट के कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत लगभग 37 लाख रुपये है.

वार्ड 68 के अयोध्या नगर के एन सेक्टर में चबूतरा एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया. इस दौरान राज्यमंत्री गौर ने स्थानीय रहवासियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. रहवासियों ने गलियों में सड़क पर अतिक्रमण के कारण हो रही परेशानी से अवगत कराया, जिस पर राज्यमंत्री गौर ने तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए. सचिदानंद नगर और किरण नगर में सीसी रोड, सुखसागर फेस-1 में सीसी रोड तथा भवानी कैंपस फेस-2 में शेड एवं चबूतरा निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया. वार्ड 68 के इन सभी विकास कार्यों पर लगभग 53 लाख रुपये की लागत आएगी.



# बिहार के पुलिस अधिकारी का सम्मान


**भोपाल, 19 दिसंबर. बिहार के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विकास वैभव के भोपाल आगमन पर भूमिहार ब्राह्मण समाज द्वारा उनका सम्मान किया गया.**

सम्मान समारोह में भूमिहार ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मिथिलेश राय, भरत राय, राजीव कुमार, नरेंद्र ठाकुर, अरविंद शर्मा एवं प्रशांत शुक्ला उपस्थित रहे. इस दौरान सामाजिक एकता, राष्ट्र सेवा और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई.


## आज 30 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 19 दिसंबर.** बिजली कंपनी मेंटनेंस के लिए शनिवार को भोपाल शहर के करीब 30 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखेगी. शनिवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बरेला गांव, आदर्श नगर, नई बस्ती, मीरपुर, संतजी की कुटिया. सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सिग्नेचर 360, पवित्र परिसर, कृष्णा हाइट्स, कस्तूरी रॉयल, इंद्रप्रस्थ हाइट. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक देवकी नगर, पन्ना नगर, रीगल स्टेट, रॉयल होम्स, सुभालय, फॉरच्यून प्राइड, इडन एंड इलाइट सहित अन्य इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

## मेवे और भांग से बाबा बटेश्वर का हुआ श्रृंगार



**भोपाल, 19 दिसंबर.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर में पोषी अमावस्या के शुभ अवसर पर बाबा बटेश्वर का मेवे एवं भांग विशेष श्रृंगार किया गया. सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ का जल एवं दूध से अभिषेक किया, प्रदोष काल में रुद्राभिषेक के बाद मेवे भांग एवं चंदर रोली से चेहरा बनाया गया. रात्रि में आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.




नाटक | जनयोद्धा नाट्य समारोह में बांधू अहीर का जीवंत मंचन

# तलवारों की झंकार, संवादों ने प्रस्तुति को बनाया रोचक

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 दिसंबर. स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा आयोजित जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह की चौथी शाम ने लोगों को इतिहास और वीरता से ओतप्रोत कर दिया. आजमगढ़ के कलाकारों ने नौटंकी शैली में सजे नाटक बांधू अहीर का प्रभावी मंचन कर दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के दौर में पहुंचा दिया.**



नाटक में 1857 की क्रांति के वीर सेनानी 17वीं वाहिनी के सूबेदार बांधू सिंह अहीर के साहस और रणकौशल को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया. मंच से आजमगढ़ फैजाबाद और कानपुर तक की संघर्ष यात्रा के सशक्त चित्रण ने दर्शकों की नजरें मंच पर टिकाए रखी. नाटक में तलवारों की झंकार के बीच नौटंकी शैली की लोकधुनों और संवादों ने प्रस्तुति को रोचक और प्रभावशाली बना दिया.

नाटक के निर्देशक अभिषेक पंडित ने बांधू अहीर के जीवन को मंच पर उतारते हुए उनके बलिदान और देशभक्ति को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि इस नाटक के लिए व्यापक शोध किया गया, ताकि इतिहास के इस वीर सपूत की सही पहचान सामने आ सके. उन्होंने बताया कि नाटक के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि बांधू अहीर जैसे योद्धाओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को अंग्रेजी दमन से मुक्त कराने का प्रयास किया. नाटक में 20 से अधिक कलाकारों ने सधे हुए अभिनय से घटनाक्रमों को जीवंत बनाया. तो वहीं बांधू अहीर की भूमिका में ऋषिकेश मौर्य, रामटहल के रूप में राहुल यादव, शिवप्रसाद के किरदार में सूरज यादव सहित अन्य कलाकारों का अभिनय सराहनीय रहा.